लिये इस सरकार के इस डांवाडोल निर्णय से मुझे कष्ट हुआ है तथा लार्ड माउन्टबेटन ने कोई पत्र भारत सरकार को लिखा है। यदि उन्होंने ऐसा पत्र लिखा है तो उस पर भारत सरकार को प्रतिक्रिया क्या है ? क्या यह भी सत्य है कि मंत्री परिषद में इस प्रश्न को लेकर आपस में मतभेद है ?

SHRI Y. B. CHAVAN : At least I have not seen this letter of Lord Mountbatten, but I have seen some press report about it. I have not seen the letter. Lord Mountbatten is certainly entitled to hold his own views about it. I cannot make any comments about it.

SHRI HEM BARUA : Has he written a letter to him ?

**श्री प्रकाशवीर शास्त्री** : क्या यह भी सत्य है कि मंत्री परिषद में इस प्रश्न को लेकर आपस में मतभेद है ?

SHRI Y. B. CHAVAN : There is no difference of opinion about it in the Cabinet.

### CHINESE INDOCTRINATION OF NEFA YOUNGMEN

+

*64. SHRI RABI RAY :
SHRI MADHU LIMAYE :
SHRI P. VISWAMBHARAN :
SHRI KAMESHWAR SINGH :

Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(*a*) whether it is a fact that some youngmen in North East Frontier Agency crossed over to China at the time of Chinese aggression in 1962 and they were indoctrinated there by the Chinese Communists;

(*b*) if so, whether Government are aware of the fact that they have returned to NEFA and have started indoctrinating the youth of NEFA; and

(*c*) the steps Government are contemplating to take against those who are instrumental in such indoctrination ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA) : (*a*) No, Sir.

(*b*) and (*c*). Do not arise.

**श्री रबी राय** : अध्यक्ष महोदय, यह खबर दो-तीन दिन पहले के सभी अखबारों में निकल चकी है कि नेफा के 150 युवक नेफ़ा का अतिक्रमण कर के चीन गये थे और चीन में ट्रेनिंग पाकर लौट आये हैं तथा लौटने के बाद कम्यूनिस्ट चीन के जो विचार हैं, उन को वहां फैला रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि जब इस तरह का रवैया वहां हो रहा है तो सरकार कैसे कहती है कि उनके पास कोई जानकारी नहीं है ? मैं यह भी पूछना चाहता हूं कि क्या सरकार इसके बारे में कोई जांच करेगी और संसद को बतायेगी कि क्या वहां पर इस तरह का कुछ हो रहा है ?

**श्री विद्याचरण शुक्ल** : हमने यह नहीं कहा कि हमारे पास जानकारी नहीं है। हमने कहा है कि हमारे पास जानकारी है और जो बात कही गई है वह सच नहीं है, गलत बात है।

**श्री रबी राय** : लम्बे अर्से की ट्रेनिंग के बाद कितने युवक वहां से लौटे हैं, यह जानकारी हमको दें ?

**श्री विद्याचरण शुक्ल** : वह वहां गये ही नहीं, तो लौटने का सवाल कहां से उठता है।

**श्री मधु लिमये** : अध्यक्ष महोदय, ये इस बात को स्वीकार करें या न करें, लेकिन असल बात यह है कि 1962 में जब आक्रमण हुआ था, तब कुछ लोगों को चीन सरकार पकड़ कर ले गयी थी और वे लोग धीरे धीरे अब वहां से आ रहे हैं। तो चीन की ओर से जो यह हिन्दुस्तान विरोधी प्रचार हो रहा है, उसका मुकाबला करने के लिये क्या सरकार इस बात पर विचार कर रही है कि उर्वसीयम् (नेफा) का जो इलाका है उसमें लोकतन्त्रीय प्रणाली लाई जाय और साथ ही साथ बाकी भारत और उर्वसीयम् के इस इलाके में जो दीवार खड़ी की गई है परवाने और परमिट की, उसको खत्म कर के बाकी भारत की जनता और नेफ़ा की जनता के बीच में एक नाता-रिश्ता कायम करने के लिये, क्योंकि आखिरकार वह

भारत का हिस्सा है, प्रयत्न किया जाय। क्या सरकार इसका लोकतन्त्रीकरण करने और इस अलगाव को समाप्त करने के लिये सोच रही है?

**श्री विद्याचरण शुक्ल** : जहां तक हम लोगों की सूचना है, इस तरह का कोई आदमी पकड़ कर चीनी वहां नहीं ले गये थे। जहां तक इस प्रचार का सवाल है उसके विरोध में हम लोग उचित कदम उठाते जाते हैं और उसका काफ़ी फायदा भी हुआ है। जहां तक वहां आने-जाने का सवाल है, सिक्योरिटी के लिये कुछ इलाकों को जो कि सीमावर्ती इलाके हैं रेस्ट्रिक्टेड एरिया का रूप दिया गया है और जो लोग सिक्योरिटी के खिलाफ़ नहीं रहते हैं उनको वहां जाने की पूर्ण स्वतन्त्रता दी जाती है।

**श्री मधु लिमये** : आप तो सिक्योरिटी की बात कर रहे हैं, मैं पूछ रहा था परवाना प्रथा के बारे में, मणिपुर में परवाना-प्रथा है या नहीं?

**श्री विद्याचरण शुक्ल** : यह नेफ़ा का प्रश्न है।

**श्री मधु लिमये** : आपने सब सीमावर्ती इलाकों के बारे में क्यों कहा, हिन्दुस्तान में सीमावर्ती कई इलाके हैं?

**श्री विद्याचरण शुक्ल** : यह सीमावर्ती इलाका है और उसी के सम्बन्ध में मैंने कहा है कि ऐसा सिक्योरिटी के लिये रखा गया है। जो सिक्योरिटी के इन्टरेस्ट के खिलाफ़ नहीं जाते हैं, उनको वहां जाने की पूर्ण स्वतन्त्रता दी जाती है।

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY : In NEFA also there is that inner line.

SHRI P. VISWAMBHARAN : In view of the statement made here, may I know from the hon. Minister whether he would make further investigation into this matter to find out whether the persons who had crossed over to China have since returned to NEFA ?

Mr. SPEAKER : They have denied it already.

SHRI VISWAMBHARAN : My point is that according to the information that is available with the Government at the moment it is not correct, but several hon. members have asserted that this thing has been happening there. So, may I request that the Government make further detailed investigations into this affair ?

SHRI VIDYA CHARAN SHUKLA : We have already made a very thorough enquiry about it, and we have found that it is not true.

**श्री कामेश्वर सिंह** : अध्यक्ष महोदय, अभी मंत्री महोदय ने कहा कि विचार परिवर्त्तित जो युवक लौटे हैं उनकी बात गलत है। परन्तु यह सत्य है। तो क्या मंत्री महोदय बताएंगे कि यह जो उर्वसोअम् के विचार परिवर्त्तित युवक लौटे हैं वह अपने साथ कुछ चीनियों को भी लाये हैं और उनके पास ट्रांसमीटर भी हैं जिससे हमारी फौजों के मूवमेंट का पता भी वह लोग बराबर चीन को देते हैं, और वह अपने साथ माओ की किताबें भी लाये हैं जिसका बंटवारा वहां हो रहा है, क्या इसका पता उनको है?

**श्री विद्याचरण शुक्ल:** : इसका जवाब मैं दे चुका हूं। यहां से कोई व्यक्ति गया ही नहीं वहां तो उनके लौटने का सवाल ही नहीं उठता।

**श्री कामेश्वर सिंह** : अध्यक्ष महोदय, यह बात को छिपाने से क्या फायदा है? जवाब तो यह देते ही नहीं ह।

---

## WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

### STRATEGIC WELLS AND POSTS IN JAISALMER OCCUPIED BY PAKISTAN

*66. SHRI BAL RAJ MADHOK : Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether it is a fact that a number of strategic wells and posts well within the